# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–07 फरवरी 2025** **सान्ध्य समाचार**

प्रयागराज महाकुंभ के त्रिवेणी संगम में अब तक चालीस करोड़ से अधिक श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगा चुके हैं। हमारे संवाददाता ने बताया है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के दस फरवरी को त्रिवेणी संगम में पवित्र अनुष्ठान में भाग लेने की संभावना है।

इस बीच, केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय प्रयागराज महाकुंभ में आज शाम एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। एक रिपोर्ट–

***गंगा पंडाल में होने वाले इस आयोजन में श्रद्धालु आध्यात्मिक और सांस्कृतिक कला दोनों का आनंद उठा सकेंगे। इस कार्यक्रम में देशभर के प्रतिष्ठित कलाकार जैसे ओडिसी नृत्यांगना सोनल मानसिंह और डोना गांगुली के साथ–साथ कविता कृष्णमूर्ति, हरिहरन और सुरेश वाडकर जैसे प्रसिद्ध गायक महाकुंभ की शाम को मनोरंजक बनाएंगे। इसके अलावा विभिन्न भारतीय शास्त्रीय नृत्य और संगीत विधाओं के प्रतिष्ठित कलाकार भी महाकुंभ की शाम को संगीतमय बनाएंगे। दीपेंद्र कुमार आकाशवाणी समाचार प्रयागराज।***

राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह और गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल समेत कई विशिष्ट लोगों ने आज महाकुंभ क्षेत्र का दौरा किया।

**********

प्रयागराज महाकुंभ में आने वाली श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए प्रयागराज जंक्शन पर आज सुबह आठ बजे से एकल दिशा मूवमेंट व्यवस्था लागू कर दी गई है। इस नई व्यवस्था के तहत जंक्शन पर प्रवेश केवल शहर की तरफ प्लेटफार्म नंबर एक से होगा, जबकि निकास केवल सिविल लाइन की तरफ से होगा। अनारक्षित श्रेणी के यात्रियों को दिशावार यात्री आश्रय के जरिये प्रवेश दिया जाएगा, जबकि आरक्षित श्रेणी के यात्री गेट संख्या पांच से प्रवेश करेंगे। उन्हें गाड़ी आने के आधे घंटे पहले ही प्लेटफार्म पर आने की अनुमति होगी।

**********

आकाशवाणी की महानिदेशक डॉ. प्रज्ञा पालीवाल गौड़ ने आज प्रयागराज के महाकुंभ नगर के सेक्टर चार स्थित आकाशवाणी के कैंप कार्यालय का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने आकाशवाणी के अधिकारियों और कर्मचारियों से बातचीत की और महाकुंभ दो हजार पचीस के व्यापक कवरेज के लिए की गई व्यवस्था की समीक्षा की।

**********

मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर पांच फरवरी को हुए उपचुनाव की मतगणना कल अयोध्या के राजकीय इंटर कॉलेज में सुबह आठ बजे से होगी। अयोध्या के मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह ने आज मतगणना की तैयारियों की जानकारी दी।

***चौदह टेबल बनाई जाएंगी। दो आरओ एआरओ टेबल होएगी। एक और। तीन रिजर्व टेबल्स होंगे इसके अंदर। प्रत्येक टेबल के ऊपर चार कार्मिक होंगे। एक काउंटिंग सुपरवाईजर होगा, एक काउंटिंग असिस्टेंट होगा, एक माइक्रो आब्जर्बर होएगा और एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी होएगा। इनको मतदान प्रक्रिया का द्वितीय रेंडमाइजेशन कंपलीट है। तृतीय रेंडमाइजेशन मतगणना की जो सुबह होता है पांच बजे वह कंपलीट किया जाएगा।***

मतगणना से जुड़े सभी कार्मिकों को विकास भवन में आज प्रशिक्षण दिया गया।

**********

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ न्यास के सदस्य कामेश्वर चौपाल का कल रात नई दिल्ली के एक अस्पताल में निधन हो गया। वह अड़सठ वर्ष के थे और लम्बे समय से बीमार चल रहे थे। वह बिहार राज्य के सुपौल जिले के रहने वाले थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिये उनके निधन पर गहरा शोक प्रकट किया है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय उपाध्यक्ष, श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के सदस्य एवं नौ नवम्बर उन्नीस सौ नवासी को आयोजित ऐतिहासिक शिलान्यास समारोह में श्री रामजन्मभूमि मंदिर निर्माण की प्रथम शिला रखने वाले राम भक्त कामेश्वर चौपाल का निधन अत्यंत दुखद है। उनका पूरा जीवन धार्मिक और सामाजिक कार्यों को समर्पित रहा है।

**********

उपभोक्ता कार्य विभाग ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस संचालित राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन–एनसीएच प्रणाली की स्थापना की है। यह प्रणाली शिकायतों का क्षेत्रवार विश्लेषण प्रदान करेगी। यह हेल्पलाइन कंज्युमर हेल्पलाइन डॉट जी ओ वी डॉट आई एन वेबसाइट या टॉलफ्री नम्बर एक नौ एक पांच के जरिये सेवाओं या उत्पादों से संबंधित किसी तरह की शिकायतों के लिए उपलब्ध होगी।

**********

प्रदेश में दस फरवरी को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया जाएगा। इसके तहत एक से उन्नीस वर्ष तक के बच्चों को पेट से कीड़े निकालने की दवा खिलाई जाएगी। वाराणसी जिले में सरकारी, मान्यता प्राप्त स्कूलों, निजी स्कूलों और मदरसों के शिक्षकों से दवा खिलाने में सहयोग लिया जाएगा। वहां के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संदीप चौधरी ने बताया कि पांच साल तक के आंगनबाड़ी केंद्रों में पंजीकृत बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्रों पर, जबकि उन्नीस वर्ष तक के अन्य बच्चों को उनके स्कूलों में दवा खिलाई जाएगी।

**********

बलिया जिले में दस फरवरी से पचीस फरवरी तक स्वास्थ्य विभाग की टीम लक्षित क्षेत्रों में घर घर जाकर फाइलेरिया से बचाव की दवा खिलाएंगी। वहां के मुख्य चिकित्सा अधिकारी विजय पति द्विवेदी ने बताया कि सर्वजन दवा सेवन एमडीए अभियान के तहत जिले में करीब पांच लाख इक्कीस हजार से अधिक लोगों को दवा खिलाने का लक्ष्य है।

**********